

हिंदी दैनिक खबर

हर पल, हमारी खबर

# केशववाणी


**अनमोल वचन**

जज़्बा रखो तो पत्थर भी पिघल जाता है,हौसला हो तो किस्मत भी बदल जाता है। हारने का डर छोड़ दो,जीत अपने आप आ जाएगी।


सोमवार 06 अप्रैल 2026 बर्ष 02 अंक 93 पृष्ठ 4 www.keshavtv24.com Email:keshavtvbihar@gmail.com


# पहले दिन गोलों की बारिश : पंजाब, यूपी, मध्य प्रदेश और बंगाल की शानदार जीत से बढ़ा रोमांच

## सब जूनियर हॉकी नेशनल चौंपियनशिप में रोमांचक मुकाबले, कई टीमों की शानदार जीत

**केशववाणी रानी सिन्हा /शंकर कुमार सिन्हा की रिपोर्ट पटना/राजगीर (नालंदा)।** बिहार राज्य खेल प्राधिकरण के तत्वावधान में 16वीं हॉकी इंडिया सब जूनियर नेशनल चौंपियनशिप 2026 का आयोजन 1 से 12 अप्रैल तक राजगीर खेल अकादमी में किया जा रहा है। प्रतियोगिता के पहले दिन विभिन्न टीमों के बीच रोमांचक मुकाबले खेले गए, जिसमें कई टीमों ने शानदार प्रदर्शन करते हुए जीत दर्ज की। डिवीजन 'ए ' के मुकाबलों में हॉकी पंजाब ने पूल ए में हॉकी महाराष्ट्र को 2–0 से हराया। पंजाब की ओर से संगत सिंह (10वें मिनट) और आकाश दीप (53वें मिनट) ने गोल किए। पूल बी में हॉकी झारखंड ने दादरा एवं नगर हवेली तथा दमन एवं दीव हॉकी को 1–0 से हराया। मैच का एकमात्र गोल आशीष तानी पूर्ति ने 22वें मिनट में किया। पूल सी में हॉकी मध्य प्रदेश ने मणिपुर हॉकी को एकतरफा मुकाबले में 17–1 से हराया। मध्य प्रदेश की ओर से शाहरुख अली ने शानदार प्रदर्शन करते हुए 11 गोल दागे, जबकि नीतीश यादव ने 2 गोल किए। अन्य खिलाड़ियों ने भी टीम की जीत में अहम योगदान दिया। मणिपुर की ओर से मैबाम मणिमातुम ने एकमात्र गोल किया। पूल डी में उत्तर प्रदेश हॉकी ने केरल हॉकी को 10–1 से हराया। उत्तर प्रदेश के खिलाड़ियों ने आक्रामक खेल का प्रदर्शन करते हुए बड़ी जीत दर्ज की। वहीं, डिवीजन 'बी' के मुकाबलों में पूल ए में हॉकी बंगाल ने हॉकी गुजरात को 18–0 से करारी शिकस्त दी। मुन्ना कुमार सिंह ने छह गोल किए, जबकि सुजल तुरी और सुजल बाल्मीकि ने हैट्रिक लगाई। अन्य खिलाड़ियों ने भी टीम की जीत में योगदान दिया। पूल बी में हॉकी अरुणाचल ने छत्तीसगढ़ हॉकी को 5–3 से हराकर मुकाबला अपने नाम किया।



अरुणाचल की ओर से राजभर शुभम ने तीन गोल किए, जबकि अन्य खिलाड़ियों ने भी अच्छा प्रदर्शन किया। छत्तीसगढ़ की ओर से ओम कुमार यादव और गोपाल पैकरा ने गोल किए। प्रतियोगिता के पहले दिन ही टीमों के बीच कड़े मुकाबले देखने को मिले, जिससे आगे के मैचों के लिए रोमांच और बढ़ गया है।







# नालंदा में एलपीजी की पर्याप्त उपलब्धता अफवाहों से बचने की अपील

**केशववाणी शंकर कुमार सिन्हा की रिपोर्ट बिहारशरीफ (नालंदा)।** जिले में घरेलू गैस सिलेंडर की उपलब्धता को लेकर किसी प्रकार की कमी नहीं है। यह जानक. ारी कुंदन कुमार, जिला पदाधिकारी नालंदा ने दी। उन्होंने बताया कि तेल विपणन कंपनियों से प्राप्त रिपोर्ट के अनुसार जिले में एलपीजी घरेलू गैस सिलेंडर पर्याप्त मात्रा में उपलब्ध हैं और खपत के अनुरूप निर्बाध आपूर्ति जारी है। जिला पदाधिकारी के अनुसार, जिले में संचालित तीनों गैस कंपनियों की कुल 54 एजेंसियों के माध्यम से प्रतिदिन लगभग 8876 घरेलू एलपीजी सिलेंडर उपभोक्ताओं तक पहुंचाए जा रहे हैं। इसके अतिरिक्त जिले में 20672 घरेलू गैस सिलेंडर स्टॉक में उपलब्ध हैं, जिससे आपूर्ति पूरी तरह संतुलित बनी हुई है। उन्होंने बताया कि विभागीय नियमों के तहत शहरी क्षेत्रों में 25 दिनों तथा ग्रामीण क्षेत्रों में 45 दिनों के भीतर गैस रिफिलिंग के लिए आवेदन किया जा सकता है। जिला प्रशासन द्वारा यह भी जानकारी दी गई कि नालंदा जिले के बिहारशरीफ नगर निगम क्षेत्र, राजगीर तथा सिलाव में पीएनजी (पीएनजी) पाइपलाइन बिछाई जा चुकी है। अब तक लगभग 1200 पीएनजी कनेक्शन दिए जा चुके हैं। जिन क्षेत्रों में यह सुविधा उपलब्ध है, वहां के उपभोक्ताओं से पीएनजी कनेक्शन लेने की अपील की गई है, ताकि उन्हें महानगरों जैसी सुविधा मिल सके और एलपीजी पर निर्भरता कम हो। जिला पदा. धिकारी ने बताया कि जल्द ही पीएनजी कनेक्शन उपलब्ध कराने के लिए विशेष कैंप भी आयोजित किए जाएंगे। प्रशासन ने आम लोगों से अपील की है कि वे किसी भी प्रकार की अफवाहों पर ध्यान न दें और सजग रहें। एलपीजी सिलेंडर से संबंधित किसी भी समस्या के समाधान के लिए जिला स्तर पर कंट्रोल रूम (टोलफ्री नंबररू 06112–233168) संचालित किया जा रहा है, जहां उपभोक्ता अपनी शिकायत दर्ज करा सकते हैं। इसके साथ ही जिला पदाधिकारी ने लोगों से आग्रह किया है कि यदि कहीं एलपीजी सिलेंडरों की जमाखोरी, कालाबाज. ारी या घरेलू गैस का व्यावसायिक उपयोग होता दिखे, तो इसकी सूचना तुरंत कंट्रोल रूम को दें। उन्होंने स्पष्ट किया कि ऐसे मामलों में दोषियों के विरुद्ध सख्त कार्रवाई की जाएगी।

# विश्व स्वास्थ्य दिवस पर आईएमए की बैठक, मुफ्त जांच शिविर का ऐलान

**केशववाणी शंकर कुमार सिन्हा की रिपोर्ट बिहारशरीफ (नालंदा)।** विश्व स्वास्थ्य दिवस के अवसर पर इंडियन मेडिकल एसोसिएशन (आईएमए) के स्थानीय सभागार में डॉक्टरों की एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। बैठक में स्वास्थ्य जागरूकता अभियान की विस्तृत रूपरेखा तैयार की गई। इस वर्ष विश्व स्वास्थ्य संगठन द्वारा निर्धारित थीम "स्वास्थ्य के लिए एकजुट, विज्ञान के साथ खड़े रहें" को केंद्र में रखते हुए डॉक्टरों ने ला. `गों को वैज्ञानिक तथ्यों पर आधारित जीवनशैली अपनाने के लिए प्रेरित करने का संकल्प लिया। अभियान के तहत मंगलवार, 7 अप्रैल को आईएमए परिसर में एक विशाल निशुल्क चिकित्सा जांच शिविर आयोजित किया जाएगा। इस शिविर में आने वाले लोगों की ब्लड प्रेशर, शुगर और बोन मिनरल डेंसिटी (बीएमडी) की मुफ्त जांच की जाएगी। इस मौके पर डॉ. इंद्रजीत कुमार ने कहा कि स्वास्थ्य केवल व्यक्तिगत विषय नहीं, बल्कि सामुदायिक जिम्मेदारी भी है। उन्होंने बताया कि संतुलित आहार, नियमित व्यायाम और व्यक्तिगत स्वच्छता अपनाकर कई गंभीर बीमारियों से बचा जा सकता है। उनके अनुसार, विश्व स्वास्थ्य दिवस का मुख्य संदेश ही सतर्कता और जागरूकता है। वहीं, डॉ. अभिषेक कुमार ने गलत सूचनाओं के प्रसार पर चिंता जताई।



उन्होंने कहा कि आजकल लोग सोशल मीडिया या अप्रमाणित स्रोतों के आधार पर खुद इलाज शुरू कर देते हैं, जो खतरनाक हो सकता है। ऐसे में "विज्ञान के साथ खड़े रहें" का संदेश बेहद महत्वपूर्ण है, ताकि लोग केवल विशेषज्ञों और वैज्ञानिक तरीकों पर भरोसा करें।जागरूकता अभियान के दौरान डॉक्टरों ने लोगों को प्रतिदिन कम से कम 30 मिनट व्यायाम करने, 7 से 8 घंटे की नींद लेने और नशे से दूर रहने की सलाह दी। इसके साथ ही सुरक्षित पेयजल, स्वच्छ वातावरण और प्रदूषण नियंत्रण को स्वस्थ समाज की आधारशिला बताया गया। आईएमए ने शहरवासियों से अपील की है कि वे इस निशुल्क जांच शिविर का लाभ उठाएं और अपने परिवार तथा आसपास के लोगों को भी जागरूक करें, ताकि एक स्वस्थ और सशक्त समाज का निर्माण किया जा सके। इस अवसर पर आईएमए के कई वरिष्ठ डॉक्टर और स्वास्थ्यकर्मी उपस्थित रहे।





अपने क्षेत्र की खबर भेजने और विज्ञापन देने के लिए संपर्क करें

7033325120

# मघड़ा शीतला मंदिर हादसे के बाद बड़ा एक्शन, सीढ़ियां हटेंगी–बनेगा रैंप, व्यवस्था में व्यापक बदलाव

**केशववाणी शंकर कुमार सिन्हा की रिपोर्ट बिहारशरीफ (नालंदा)।** मघड़ा शीतला मंदिर में हाल ही में हुई भगदड़ की दर्दनाक घटना के बाद प्रशासन और धार्मिक न्यास बोर्ड पूरी तरह एक्शन मोड में आ गए हैं। हादसे की जांच में यह तथ्य प्रमुखता से सामने आया कि मंदिर के मुख्य द्वार पर बनी फिसलन भरी सीढ़ियां इस दुर्घटना का मुख्य कारण बनीं, जिससे अचानक भीड़ का संतुलन बिगड़ा और भगदड़ की स्थिति उत्पन्न हो गई। इसी को ध्यान में रखते हुए एसडीओ क्रिसलय श्रीवास्तव ने तत्काल प्रभाव से उन सीढ़ियों को तोड़कर उनकी जगह स्लोपिंग रैंप (ढलानदार रास्ता) बनाने का निर्देश दिया है। इस कार्य को प्राथमि. कता के आधार पर शुरू भी कर दिया गया है। प्रशासन का मानना है कि रैंप बनने से न केवल बुजुर्गों और दिव्यांगों को सहूलियत मिलेगी, बल्कि आम श्रद्धालुओं के आवागमन में भी सुगमता आएगी और भीड़ के दबाव को नियंत्रित करने में मदद मिलेगी। नई व्यवस्था के तहत अब मंदिर परिसर में श्रद्धालुओं के प्रवेश और निकास को पूरी तरह नियंत्रित किया जाएगा। पहले जहां श्रद्धालु शीतल तालाब में स्नान के बाद सीधे गर्भगृह की ओर बढ़ जाते थे, वहीं अब ऐसा संभव नहीं होगा। तालाब के चारों ओर मजबूत ग्रिल और बैरिकेडिंग की जा रही है, ताकि हर श्रद्धालु को मुख्य द्वार से होकर ही निर्धारित कतार में प्रवेश करना पड़े। इससे अनियंत्रित भीड़ पर अंकुश लगेगा। भीड़ प्रबंधन को और प्रभावी बनाने के लिए मंदिर परिसर में 'जिग–जैग' कतार प्रणाली विकसित की जा रही है। इस प्रणाली के तहत श्रद्धालु व्यवस्थित तरीके से धीरे–धीरे आगे बढ़ेंगे, जिससे धक्का–मुक्की और अफरा–तफरी की स्थिति नहीं बनेगी। प्रशासन का कहना है कि यह व्यवस्था बड़े धार्मिक स्थलों की तर्ज पर लागू की जा रही है, जिससे दर्शन प्रक्रिया सुरक्षित और सुव्यवस्थित हो सके। सुरक्षा के दृष्टिकोण से शीतल तालाब के पानी का स्तर भी कम किया जा रहा है, ताकि किसी भी अप्रिय घटना, विशेषकर डूबने जैसी दुर्घटनाओं की आशंका को पूरी तरह खत्म किया जा सके। साथ ही, परिसर में अतिरिक्त सुरक्षा बल की तैनाती, सीसी. टीवी निगरानी और आपातकालीन निकास मार्गों पर भी विशेष ध्यान दिया जा रहा है।




प्रशासनिक बदलावों की जानकारी देते हुए वार्ड पार्षद प्रतिनिधि जयंत शर्मा ने बताया कि मंदिर की दान पेटी को अब ट्रस्ट के अधीन कर दिया गया है और उसमें ताला लगा दिया गया है। अब इस दान राशि का उपयोग पारदर्शी तरीके से मंदिर के सर्वांगीण विकास, श्रद्धालुओं के लिए बेहतर सुविधाओं और धर्मशाला निर्माण में किया जाएगा। पुजारियों की भूमिका को लेकर भी स्पष्ट दिशा–निर्देश जारी किए गए हैं। उन्हें ट्रस्ट की नियमावली के अनुसार ही कार्य करना होगा और किसी भी श्रद्धालु पर दक्षिणा देने का दबाव नहीं बनाया जाएगा। इससे श्रद्धालुओं में विश्वास बढ़ेगा और मंदिर की व्यवस्था अधिक पारदर्शी बनेगी। प्रशासन का मुख्य उद्देश्य अब मंदिर परिसर में अनुशासन, सुरक्षा और सुव्यवस्थित दर्शन सुनिश्चित करना है। सरकार ने भी इस दिशा में तत्परता दिखाते हुए आवश्यक विकास योजनाओं को हरी झंडी दे दी है। उम्मीद जताई जा रही है कि इन व्यापक सुधारों के बाद भविष्य में इस तरह की दुखद घटनाओं की पुनरावृत्ति नहीं होगी और श्रद्धालु सुरक्षित माहौल में दर्शन कर सकेंगे।





# दिग्घी पर मोड़ के समीप बाइक और स्कूटी में हुई जोरदार टक्कर के उपरांत तेज रफ्तार ट्रैक्टर ने एक युवक को रौंदा

## मौके पर एक युवक की हुई मौत, दो लोग हुए घायल

**केशववाणी राकेश कुमार की रिपोर्ट रहुइ ‘(नालंदा)।** रहुई थाना क्षेत्र के बिहटा–सरमेरा मुख्यमार्ग पर दिग्घी पर मोड़ के समीप बाइक और स्कूटी में जोरदार टक्कर हो गई, इस हादसे में एक बाइक सवार और स्कूटी पर सवार एक महिला गंभीर रूप से घायल हो गए। जबकि बाइक पर सवार दो युवकों में एक युवक सड़क पर गिर पड़े इसी दौरान सड़क पर गिरे एक युवक को भागन विगहा की ओर से मिट्टी ओवर लोड कर आ रहे तेज रफ़्तार ट्रैक्टर ने युवक को रौंद दिया। इस हादसे में एक युवक की मौके पर ही मौत हो गई। जबकि मौके पर ट्रैक्टर पलटी मार दिया।मृतक की पहचान रहुई थाना क्षेत्र के रघुनाथपुर गांव निवासी 25 वर्षीय धनपत चौहान के रूप में हुई है जबकि घायल की पहचान चंद्र मोहन चौहान और घायल हुई महिला बिन्द थाना क्षेत्र के जैतीपुर गांव निवासी बबीता देवी के रूप में पहचान हुई है। इस संबंध में घायल चंद्रमोहन ने बताया कि वह कादी बीघा स्थित चिमनी पर काम करते थे और चिमनी पर से बाइक पर सवार होकर दो लोग अपने गांव रघुनाथपुर जा रहे थे, तभी यह हादसा हुआ। घटना के बाद स्थानीय लोगों की भीड़ उमड़ पड़ी और इसकी सूचना रहुई थाना की पुलिस को दी गई जहां घटना स्थल पर पहुंचे पुलिस ने साथ लोगों की मदद से दोनों घायलों को इलाज के लिए रहुई स्थित सीएचसी अस्पताल में भर्ती कराया गया है। थानाध्यक्ष ललित विजय ने बताया कि शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल बिहारशरीफ भेज दिया गया है पुलिस ने ट्रैक्टर को जब्त कर लिया है और आगे की कार्रवाई में जुट गई है।



इस हादसे से गांव में शोक की लहर है और लोगों में आक्रोश है। लोगों का कहना है कि इस तरह के हादसे रोकने के लिए प्रशासन को ठोस कदम उठाने होंगे। थानाध्यक्ष ललित विजय ने बताया कि मामले की जांच की जा रही है और दोषियों के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी। इस बीच स्थानीय लोगों ने प्रशासन से मृतक के परिवार को मुआवजा देने की मांग की है। स्थानीय लोगों का कहना है कि धड़ल्ले से अवैध रूप से ट्रैक्टर में ओवरलोड मिट्टी भरकर सड़क पर तेज रफ़्तार से ट्रैक्टर दौड़ती है। लेकिन स्थानीय प्रशासन इस पर कोई कार्रवाई नहीं करती है।






# वायरल वीडियो में राइफल लहराने पर दो युवक गिरफ्तार, पुलिस ने हथियार किया जब्त

**केशववाणी शंकर कुमार सिन्हा की रिपोर्ट बिहारशरीफ(नालंदा)।** नालंदा पुलिस ने सोशल मीडिया पर वायरल एक वीडियो के आधार पर त्वरित कार्रवाई करते हुए दो युवकों को गिरफ्तार किया है। वीडियो में दोनों युवक राइफलनुमा हथियार के साथ आक्रामक अंदाज में रील बनाते नजर आ रहे थे, जिससे आम लोगों में भय का माहौल उत्पन्न हो सकता था। पुलिस के अनुसार, 4 अप्रैल को सोशल मीडिया के माध्यम से यह वीडियो सामने आया, जिसमें दीपनगर थाना क्षेत्र के डुमराव गांव के निवासी युवक के शामिल होने की बात सामने आई। मामले की गंभीरता को देखते हुए दीपनगर थाना को तत्काल जांच और आवश्यक कार्रवाई के निर्देश दिए गए। जांच के दौरान वीडियो में दिख रहे एक युवक की पहचान करण राज उर्फ श्रवण कुमार (उम्र लगभग 26 वर्ष), पिता विरजू महतो, निवासी ग्राम डुमराव, थाना दीपनगर, जिला नालंदा के रूप में हुई। पूछताछ में उसने स्वीकार किया कि वीडियो उसी का है और उक्त हथियार को उसने अपने भूसा घर में रखा था। उसने बताया कि यह हथियार झारखंड से खरीदा गया था और वह एयरगन है, जिसका इस्तेमाल वह लोगों को डराने और सोशल मीडिया पर रील बनाने के उद्देश्य से करता था। वीडियो में दिख रहे दूसरे युवक की पहचान शाहिल कुमार (उम्र लगभग 23 वर्ष), पिता अशोक प्रसाद, निवासी पहाड़पुरा, थाना बिहार, जिला नालंदा के रूप में की गई। पुलिस द्वारा हथियार से संबंधित कोई वैध कागजात प्रस्तुत नहीं किया जा सका। इसके बाद पुलिस ने उक्त हथियार को विधिवत जब्त कर लिया तथा दोनों युवकों को हिरासत में



लेकर पूछताछ की। जांच में पाया गया कि दोनों का कृत्य भारतीय न्याय संहिता की विभिन्न धाराओं के अंतर्गत दंडनीय अपराध है। इस संबंध में दीपनगर थाना कांड संख्या 173/26, दिनांक 05.04.2026 के तहत मामला दर्ज कर आगे की विधिसम्मत कार्रवाई की जा रही है। जब्त हथियार को जांच के लिए विधि विज्ञान प्रयोगशाला एवं सक्षम प्राधिकारी के पास भेजा जाएगा। पुलिस ने आम नागरिकों से अपील की है कि वे इस प्रकार के भ्रामक और डर फैलाने वाले वीडियो बनाने या साझा करने से बचें, अन्यथा उनके विरुद्ध कड़ी कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

# नेहुसा में 12 अप्रैल से बाबा चौहरमल मेला महोत्सव, तैयारियां तेज

**केशववाणी राकेश कुमार की रिपोट हरनौत (नालंदा)।** हरनौत प्रखंड के नेहुसा गांव में श्री श्री 108 श्री बाबा चौहरमल स्मारक समिति के तत्वावधान में 12 और 13 अप्रैल को भव्य दो दिवसीय बाबा चौहरमल मेला महोत्सव का आयोजन किया जाएगा। इसको लेकर गांव और आसपास के क्षेत्रों में तैयारियां जोरों पर हैं। समिति के अध्यक्ष विजय पासवान ने जानकारी देते हुए बताया कि यह मेला हर वर्ष श्रद्धा और उत्साह के साथ आयोजित किया जाता है, जिसमें दूर–दूर से श्रद्धालु और दर्शक शामिल होते हैं। उन्होंने कहा कि इस बार भी मेले को आकर्षक और यादगार बनाने के लिए विशेष व्यवस्थाएं की जा रही हैं। महोत्सव के दौरान मेले में विभिन्न प्रकार के झूले, मनोरंजन के साधन और रंग–बिरंगी दुकानों की व्यवस्था की जाएगी, जहां लोगों को खान–पान से लेकर घरेलू सामान तक उपलब्ध होगा। वहीं, रात्रि के समय सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन किया जाएगा, जिसमें दुगोला, नाट्य मंचन और लोकगीतों की प्रस्तुति आकर्षण का केंद्र रहेगी। स्थानीय कलाकारों के साथ–साथ बाहर से आने वाले कलाकार भी अपनी प्रस्तुति देंगे।समिति द्वारा सुरक्षा, साफ–सफाई और पेयजल की समुचित व्यवस्था भी सुनिश्चित की जा रही है, ताकि मेले में आने वाले लोगों को किसी प्रकार की असुविधा न हो। प्रशासन से भी सहयोग लिया जा रहा है, जिससे आयोजन शांतिपूर्ण और व्यवस्थित तरीके से संपन्न हो सके। समिति के अध्यक्ष ने बताया कि बाबा चौहरमल समाज के महान वीर और प्रेरणास्रोत महापुरुष थे। उनका जन्म मोकामा अंचल के शंकरबाड़ टोला में 4 अप्रैल 1313 को चौत्र पूर्णिमा के दिन हुआ था। उनके पिता का नाम बंदिमल और माता का नाम रघुमति था। बचपन से ही वे विलक्षण प्रतिभा और साहस के धनी थे तथा उन्होंने समाज के कमजोर वर्गों के उत्थान के लिए संघर्ष किया।

# खोदागंज थाना पुलिस की कार्रवाई, 40 लीटर देसी शराब के साथ तस्कर गिरफ्तार

**केशववाणी रानी सिन्हा की रिपोट इस्लामपुर (नालंदा)।** खोदागंज थाना पुलिस ने गुप्त सूचना के आधार पर बड़ी कार्रवाई करते हुए थाना क्षेत्र के सोवरण विगहा गांव के पास एक शराब तस्कर को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने उसके पास से करीब 40 लीटर अवैध देशी चुलाई शराब बरामद की है। पुलिस के अनुसार, आरोपी बाइक के जरिए शराब की खेप लेकर जा रहा था। इसी दौरान पहले से सतर्क पुलिस टीम ने उसे घेराबंदी कर पकड़ लिया। तलाशी के दौरान उसके पास से भारी मात्रा में अवैध शराब बरामद हुई। गिरफ्तार आरोपी की पहचान खोदागंज थाना क्षेत्र के अंकुरी बाजार गांव निवासी अशोक कुमार उर्फ पिंटू के रूप में की गई है। पुलिस ने कार्रवाई के दौरान उसकी पल्सर बाइक को भी जब्त कर लिया है, जिसका इस्तेमाल शराब की ढुलाई में किया जा रहा था। इस संबंध में पुलिस ने बताया कि आरोपी के खिलाफ उत्पाद अधिनियम के तहत मामला दर्ज कर लिया गया है। आवश्यक कानूनी प्रक्रिया पूरी करने के बाद उसे न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया गया। पुलिस अधिकारियों ने कहा कि क्षेत्र में अवैध शराब के कारोबार के खिलाफ लगातार अभियान चलाया जा रहा है और इस तरह के धंधे में संलिप्त लोगों के विरुद्ध सख्त कार्रवाई की जाएगी।

# नालंदा में बड़ी वारदात टली : दीपनगर पुलिस ने हथियारों के साथ 3 संदिग्धों को दबोचा

**केशववाणी प्रेम सिंघानिया की रिपोट बिहारशरीफ (नालंदा)।** जिले के दीपनगर थाना क्षेत्र में पुलिस ने बड़ी आपराधिक घटना को होने से पहले ही नाकाम कर दिया। गुप्त सूचना के आधार पर कार्रवाई करते हुए पुलिस ने देवीसराय चौक के महुआबाग इलाके में घेरा. बंदी कर एक युवक समेत दो नाबालिगों को पकड़ लिया। तलाशी के दौरान उनके पास से एक देसी पिस्तौल, दो मैगजीन और पांच जिंदा कारतूस बरामद किए गए। दीपनगर थाना के अपर थानाध्यक्ष विमलेश कुमार ने बताया कि सूचना मिली थी कि तीन संदिग्ध युवक हथियारों के साथ किसी बड़ी वारदात को अंजाम देने की फिराक में इलाके में घूम रहे हैं। सूचना मिलते ही पुलिस टीम ने त्वरित कार्रवाई करते हुए पूरे इलाके की घेराबंदी कर तलाशी अभियान शुरू किया। तलाशी के दौरान संदेह के आधार पर रोके गए तीनों युवकों की जांच की गई, जिसमें एक के पास से अवैध हथियार बरामद हुआ। पुलिस ने मुख्य आरोपी देवीसराय निवासी दिनेश पासवान के पुत्र अम्बेडकर को गिरफ्तार कर लिया, जबकि उसके साथ मौजूद दो अन्य नाबालिगों को भी हिरासत में लिया गया। पुलिस के अनुसार, गिरफ्तार आरोपियों में एक युवक इस्लामपुर का और दूसरा देवीसराय का रहने वाला है। फिलहाल तीनों से गहन



पूछताछ की जा रही है, ताकि यह पता लगाया जा सके कि वे किस बड़ी घटना को अंजाम देने वाले थे और हथियारों की आपूर्ति कहां से हुई।इस सफल कार्रवाई में अपर थानाध्यक्ष विमलेश कुमार के नेतृत्व में पुलिस टीम के सदस्य अनिल कुमार राम, सुनील सिंह, रमेश सिंह और रविंद्र कुमार शामिल रहे। पुलिस पूरे मामले में आगे की कार्रवाई में जुटी है।

अपने क्षेत्र की खबर भेजने और विज्ञापन देने के लिए संपर्क करें
7033325120






# हिलसा में जयगुरुदेव जनजागरण यात्रा का भव्य स्वागत, संत पंकज जी महाराज ने दिया सत्संग संदेश



**केशववाणी शंकर कुमार सिन्हा की रिपोर्ट हिलसा (नालंदा)।** जयगुरुदेव धर्म प्रचारक संस्था, मथुरा के राष्ट्रीय अध्यक्ष संत पंकज जी महाराज अपने शाकाहार–सदाचार एवं मद्यनिषेध जनजागरण यात्रा के क्रम में नालंदा जिले के छठे कार्यक्रम के तहत इस्लामपुर प्रखंड के ग्राम मद. ारगंज पहुंचे। इस अवसर पर स्थानीय लोगों ने दीप प्रज्वलित कलश, फूल–मालाओं और उत्साहपूर्ण वातावरण के साथ यात्रा का भव्य स्वागत किया। सत्संग को संबोधित करते हुए संत पंकज जी महाराज ने कहा कि मनुष्य जन्म के समय न कोई जाति, बिरादरी, धर्म या मजहब लेकर आता है, बल्कि वह केवल एक जीव के रूप में जन्म लेता है। उन्होंने बताया कि बाद में कर्म और सामाजिक व्यवस्था के अनुसार पहचान बनती है, लेकिन अंत समय में व्यक्ति को सब कुछ यहीं छोड़कर खाली हाथ जाना पड़ता है। उन्होंने लोगों से आत्मचिंतन करने का आह्वान करते हुए कहा कि मनुष्य जीवन केवल भौतिक सुख–सुविधाओं के लिए नहीं मिला है, बल्कि आध्यात्मिक उन्नति के लिए भी है। उन्होंने सलाह दी कि गृहस्थ जीवन में रहते हुए भी प्रतिदिन सुबह–शाम एक–एक घंटे नाम योग, सुमिरन, ध्यान और भजन करना चाहिए, जिससे आत्मा को शांति मिलती है और जीवन सार्थक बनता है। संत पंकज जी महाराज ने जीव हिंसा के खिलाफ संदेश देते हुए कहा कि सभी धर्मों में किसी भी जीव को नुकसान पहुंचाने से मना किया गया है। यदि मनुष्य किसी जीव को बना नहीं सकता, तो उसे नष्ट करने का अधिकार भी नहीं है। उन्होंने कहा कि प्रकृति के नियमों के विरुद्ध कार्य करने पर उसके दुष्परिणाम भुगतने पड़ते हैं, इसलिए सभी को शाकाहार अपनाने और नशे से दूर रहने का संकल्प लेना चाहिए।उन्होंने आगामी 17 से 21 मई तक जयगुरुदेव आश्रम में आयोजित बाबा जयगुरुदेव जी महाराज के वार्षिक भंडारा सत्संग मेला में शामिल होने का आमंत्रण भी दिया। कार्यक्रम के दौरान पुलिस प्रशासन द्वारा शांति व्यवस्था बनाए रखने में सराहनीय सहयोग दिया गया। इस मौके पर जिलाध्यक्ष अनिल सिंह, योगेश कुमार, अजय प्रसाद, दिनेश राम, रामचंद्र यादव (बाराबंकी), पिंटू, अनिल वर्मा, सतीश वर्मा, बलराम मौर्य, मो. ईशा सहित कई गणमान्य लोग उप. स्थित रहे। सत्संग के उपरांत जनजागरण यात्रा अगले पड़ाव के लिए ग्राम सागरपुर (प्रखंड मखदूमपुर, जिला जहानाबाद) के लिए रवाना हो गई, जहां अगले दिन पूर्वाह्न 11रू30 बजे से सत्संग कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा।

# व्हाट्सऐप हैक कर ठगी करने वाले गिरोह का पर्दाफाश, 5 साइबर अपराधी गिरफ्तार

**केशववाणी प्रेम सिंघानिया की रिपोर्ट बिहारशरीफ (नालंदा)।** जिले में बढ़ते साइबर अपराध पर बड़ी कार्रवाई करते हुए पुलिस ने व्हाट्सऐप हैक कर ठगी करने वाले एक संगठित गिरोह का पर्दाफाश किया है। नालंदा साइबर थाना की टीम ने पांच शातिर अपराधियों को गिरफ्तार किया है, जो लोगों को झांसा देकर उनके व्हाट्सऐप अकाउंट हैक कर पैसे की ठगी कर रहे थे।

**गुफापर में किराये के मकान से चल रहा था नेटवर्क**

पुलिस को गुप्त सूचना मिली थी कि बिहार थाना क्षेत्र के गुफापर स्थित एक दो मंजिला मकान में कुछ युवक किराये पर रहकर साइबर ठगी के धंधे में लगे हैं। सूचना के आधार पर त्वरित कार्रवाई करते हुए पुलिस ने छापेमारी की और मौके से सभी आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया।

**पार्सल अपडेट के नाम पर बनाते थे शिकार**

पुलिस पूछताछ में आरोपियों ने खुलासा किया कि वे लोगों को पार्सल में दर्ज पते को अपडेट करने का झांसा देते थे। इसी बहाने उनका व्हाट्सऐप अकाउंट हैक कर लेते थे। इसके बाद उसी अकाउंट से उनके रिश्तेदारों और जान–पहचान वालों को मैसेज भेजकर पैसे की मांग की जाती थी।

इस मामले में नालंदा साइबर थाना कांड संख्या 83/26 (दिनांक 02.04.2026) के तहत भारतीय न्याय संहिता (ठछै) की विभिन्न धाराओं के साथ–साथ आईटी एक्ट की धारा 66, 66C और 66क के तहत केस दर्ज किया गया है। सभी गिरफ्तार आरोपियों को न्यायालय में पेश करने के बाद न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया है।

**ये हैं गिरफ्तार आरोपी**

गिरफ्तार अपराधियों में नालंदा और शेखपुरा जिले के रहने वाले युवक शामिल हैंकृ
नवल कुमार (34), कुमार आर्यन (37), प्रिंस कुमार (22), राजेश कुमार (26) और मोनू कुमार (18)।

**ठगी में इस्तेमाल सामान बरामद**

छापेमारी के दौरान पुलिस ने आरोपियों के पास से 13 मोबाइल फोन (11 स्मार्टफोन व 2 कीपैड) और 9 एटीएम कार्ड बरामद किए हैं, जिनका उपयोग साइबर ठगी में किया जा रहा था। इस सफल कार्रवाई में साइबर थाना के पुलिस निरीक्षक धर्मेन्द्र कुमार, संजय पासवान, सिपाही पुनेश कुमार, विजय कुमार सहित सशस्त्र बल और जिला आसूचना इकाई की टीम की अहम भूमिका रही। आम लोगों से अपील की गई है कि किसी भी अनजान कॉल, लिंक या मैसेज पर भरोसा न करें और अपने व्हाट्सऐप या बैंक से जुड़ी जानकारी किसी के साथ साझा न करें।

# इस्लामपुर में भीषण आग से 9 बीघा गेहूं की फसल जलकर राख, किसानों को भारी नुकसान

**केशववाणी प्रेम सिंघानिया की रिपोर्ट इस्लामपुर (नालंदा)।** इस्लामपुर थाना क्षेत्र के बड़ाय गांव स्थित मलकाना खंधा में भीषण आग लगने से दर्जनों किसानों की करीब 9 बीघा में लगी गेहूं की तैयार फसल जलकर पूरी तरह राख हो गई। इस घटना से प्रभावित किसानों के सामने आजीविका का गंभीर संकट खड़ा हो गया है, क्योंकि फसल कटाई के ठीक पहले यह हादसा हुआ। घटना की सूचना मिलते ही अग्निशमन विभाग की टीम मौके पर पहुंची और ग्रामीणों के सहयोग से काफी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया गया। हालांकि, तब तक खेतों में लगी अधिकांश फसल जल चुकी थी। यदि समय पर आग पर नियंत्रण नहीं पाया जाता, तो नुकसान और भी ज्यादा हो सकता था। पीड़ित किसानोंकृउपेंद्र सिंह, सुरेश सिंह, शारदा देवी, कौशलेंद्र सिंह, अजय सिंह, भवानी शंकर सिंह, बबलू कुमार और अरुण कुमार सिंहकृने बताया कि उनके खेतों के ऊपर से गुजर रहे 11 हजार वोल्ट के विद्युत तार पर ताड़ के पेड़ का खगड़ा (सूखी डाल) गिर गया था। इससे तार में शॉर्ट सर्किट हुआ और उठी चिंगारी ने देखते ही देखते खेतों में आग पकड़ ली। तेज हवा के कारण आग तेजी से फैलती चली गई और आसपास के कई खेत इसकी चपेट में आ गए।

किसानों ने बताया कि गेहूं की फसल पूरी तरह तैयार थी और कुछ ही दिनों में कटाई होने वाली थी, लेकिन इस आग ने उनकी महीनों की मेहनत पर पानी फेर दिया। इस घटना से लाखों रुपये के नुकसान का अनुमान लगाया जा रहा है। घटना के बाद भुक्तभोगी किसानों ने किशोरी चौधरी, अंचलाधिकारी को सूचना देकर राहत और मुआवजे की गुहार लगाई है। किसानों का कहना है कि वे पूरी तरह इस फसल पर निर्भर थे और अब उन्हें आर्थिक संकट का सामना करना पड़ रहा है। वहीं, वैश्वक पंचायत की मुखिया चंचला देवी तथा समाजसेवी देवेन्द्र सिंह ने संयुक्त रूप से राज्य सरकार से मांग की है कि प्रभावित किसानों को तत्काल उचित मुआवजा दिया जाए। उन्होंने कहा कि इस प्रकार की घटनाएं किसानों के लिए बेहद दुखद होती हैं और सरकार को त्वरित राहत पहुंचानी चाहिए। स्थानीय ग्रामीणों ने प्रशासन और बिजली विभाग से मांग की है कि क्षेत्र में गुजर रहे विद्युत तारों की नियमित जांच और मरम्मत कराई जाए, ताकि भविष्य में इस तरह की घटनाओं की पुनरावृत्ति न हो सके। साथ ही, किसानों को फसल सुरक्षा के प्रति जागरूक करने और आपदा की स्थिति में त्वरित सहायता उपलब्ध कराने की भी जरूरत बताई गई है।

# चेरो के पास NH 20 पर ट्रक–टेम्पो में हुई टक्कर



**केशववाणी राकेश कुमार की रिपोर्ट हरनौत (नालंदा)।** राष्ट्रीय राजमार्ग संख्या 20 पर चेरो गांव स्थित ओवरब्रिज पुल के पास (पश्चिम लेन में) एक ट्रक ने एक टेम्पो में जा. `रदार टक्कर मार दी। घटना शनिवार के सुबह नौ बजे चेरो ओपी से 50 मीटर दुर सूर्य मंदिर तालाब के पास फोरलेन पर की है। चश्मदीद कि माने तो इसमें चार यात्री गंभीर रूप से घायल हो गए। जिसे स्थानीय ग्रामीणों और पुलिस की मदद से घायलों को तुरंत कल्याण विगहा रेफरल अस्पताल पहुंचाया गया। जहाँ मरीजों की गंभीर हालत देखते हुए चिकित्सकों ने हायर सेंटर रेफर फैसला किया। सभी यात्री अचानक ट्रक ने टेम्पो को धक्का मार दिया। वहीं ओपी प्रभारी राजेश कुमार पांडेय ने बताया कि तीन लोग जख्मी हुए हैं। जख्मी में द्वारिका बीघा गांव के राधे ठाकुर(50) ,चखामिंद गांव के चेतना कुमारी (35) एवं मोर तालाब गांव के श्रीकांत कुमार(18) शामिल है।कहां दोनों गाड़ी हरनौत तरफ़ से बख्तियारपुर की तरफ जा रही थी।तभी पीछे से तेज रफ्तार में आ रही ट्रक ने ठोक दिया।उन्होंने कहा कि एफआईआर के लिए कोई आवेदन न मिला है। घटना में शामिल टेम्पु गाड़ी ओपी परिसर में लगा है। जबकि ट्रक ड्राइवर ट्रक लेकर भागने में कामयाब रहे। हरनौत से खरुआरा गांव की ओर टेम्पु में सवार होकर लौट रहे थे।

